Title: Need for early commissioning of F.M. channel facility at Jaipur, Rajasthan.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : अध्यक्ष जी, निवेदन यह है कि लगभग 5 वर्ा पूर्व जयपुर में एफ.एम. बैंड का उद्घाटन हुआ था जो अभी तक चालू नहीं हुआ है, जबकि दिल्ली, कोलकाता, मद्रास, बंगलौर, मुम्बई व कानपुर में एफ.एम. बैंड की सुविधा कार्य कर रही है। यह सुविधा जयपुर में नहीं होने से समस्त राजस्थान के व्यक्ति सभी धार्मिक गानों व नई बातों की जानकारी से वंचित हैं।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जयपुर में एफ.एम. बैंड को चालू कराया जाए जिससे समस्त राजस्थान-वासियों को लाभ मिल सके।